आज का मौसम

अधिकतम 40° C
न्यूनतम 31° C
सूर्य अस्त (आज) 7:24
सूर्य उदय (कल) 5:25

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 279 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शनिवार
27 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

**अनमोल वचन**

"मन की मानना बंद करो"
एक मिनट की गलत क्रिया,
कई वर्ष के लिए जेल पहुँचा देती है।
जेल पहुँचा कर मन ज्ञान देगा की,
ऐसा ना करते तो बच जाते।
मन की चाल समझो,
ये हर जगह आपको फसा रहा है!

## संक्षिप्त न्यूज

### देशभर में पूरे श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया गया आशूरा–ए–मुहर्रम




**नई दिल्ली।** शुक्रवार को देशभर में आशूरा–ए–मुहर्रम पूरे श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया गया। यह दिन पैगंबर मुहम्मद के पोते, हजरत इमाम हुसैन और उनके समर्पित साथियों की शहादत की याद दिलाता है, जिन्होंने कर्बला में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर ताजिया जुलूस निकाले गए, जिन्हें बाद में शाम को निर्धारित स्थानों पर दफनाया गया। मजलिसें या धार्मिक सभाएँ भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

### सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में वृद्धि की

**नई दिल्ली।** सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में वृद्धि की है। 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने के लिए अब 2 हजार 500 रुपये शुल्क देना होगा। विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पासपोर्ट संशोधन नियम 2026 1 जुलाई से प्रभावी होंगे। नई शुल्क संरचना के अंतर्गत तत्काल श्रेणी में 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत 5 हजार रुपये होगी।

60 पृष्ठों वाले साधारण पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत 3 हजार 500 रुपये होगी, और तत्काल श्रेणा के पासपोर्ट के लिए यह लागत 6 हजार रुपये होगी। वर्तमान में 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 1 हजार 500 रुपये और 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 2 हजार रुपये है।

खोए या क्षतिग्रस्त 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के बदले में नया सामान्य पासपोर्ट जारी कराने के लिए 5 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, खोए या क्षतिग्रस्त 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के बदले में नया सामान्य पासपोर्ट जारी करने के लिए 6 हजार रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

# कोलकाता के ताराताला दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के ताराताला दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। घायलों का उपचार कोलकाता के एस.एस.के.एम. अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने इस घटना में एक सरकारी अधिकारी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। राज्य सरकार ने कल घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति (एसआईटी) का गठन किया है। बचाव अभियान जारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने मृतकों के परिजनों को दस–दस लाख और घायलों को एक–एक लाख रुपये देने की घोषणा की है।



# श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के दान में हेराफेरी मामले में पहली प्राथमिकी दर्ज



**उत्तर प्रदेश (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के चढ़ावे और दान से जुड़े कथित गबन के मामले में दर्ज पहली एफ.आई.आर. के आठ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह एफ.आई.आर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल यानी एस.आई.टी की सिफारिश के बाद श्रीराम जन्मभूमि थाने में दर्ज की गई। शिकायत ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन ने दर्ज कराई थी। एस.आई.टी. ने मंगलवार को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी, जिसके बाद कल मामला दर्ज किया गया। यह मामला ट्रस्ट को मिले चढ़ावे और दान में कथित चोरी के आरोप सामने आने के बाद प्रकाश में आया। ट्रस्ट के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया था।

# दिल्ली पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने किया 'गैस कनेक्शन और डिस्कनेक्शन' धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने शुक्रवार को एक फर्जी 'गैस कनेक्शन और डिस्कनेक्शन' धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 4 लोगों को झारखंड और पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। मीडिया से बातचीत में दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त कुमार अभिषेक ने बताया कि लोगों को गैस कनेक्शन काटे जाने के फर्जी संदेश भेजकर यह आरोपी ठगी करते थे। उन्होंने कहा कि आरोपी ठगी की रकम का इस्तेमाल महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने में करते थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आरोपियों के पास



से 20 मोबाइल फोन, डिजिटल उपकरण, सोने–चांदी के आभूषण, नकदी तथा एक वाहन बरामद किया है।

## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने नशा मुक्त भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प को दोहराने का आह्वान किया



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने शुक्रवार को नशा मुक्त भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प को दोहराने का आह्वान किया। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री राधाकृष्णन ने इस आंदोलन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने वाले विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास एक मजबूत, स्वस्थ और नशा मुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने सभी से जागरूकता फैलाने, नशा मुक्ति में लगे लोगों का समर्थन करने और युवाओं को नशे की बजाय आशा, स्वास्थ्य और उद्देश्य को चुनने के लिए प्रेरित करने हेतु एकजुट होने का आग्रह किया।

## भारत ने एआई प्रौद्योगिकियों को सशक्त बनाने की अमरीकी पहल पर हस्ताक्षर किए




**अमरीका(एजेंसी)।** अमरीका में आयोजित दूसरे पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन में कल भारत ने 34 अन्य देशों के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रौद्योगिकियों को सशक्त बनाने के लिए अमरीका के नेतृत्व वाली एक पहल पर हस्ताक्षर किए। अमरीका के आर्थिक मामलों के उपदृविदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा कि एआई अवसर पर शामिल होने वाले देशों ने एआई युग के लिए विकास–समर्थक और नवाचार–समर्थक नियामक दृष्टिकोण का समर्थन किया है।

श्री हेलबर्ग ने कहा कि अमरीका भारत के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्साहित है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बताया। श्री हेलबर्ग ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय आदानदृप्रदान के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें क्वाड और ट्रस्ट पहल शामिल हैं।

शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन और भारतीय उद्योग के प्रतिनिधियों ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग जगत के नेताओं के साथ सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और लचीली प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

## मिजोरमः इस वर्ष जून तक टीबी से मरने वालों की संख्या 71 हुई

**मिजोरम(एजेंसी)।** मिजोरम में इस वर्ष जून तक टीबी से मरने वालों की संख्या 71 हो गई और एक हजार 87 नए मामले सामने आए हैं। राज्य टीबी अधिकारी और संयुक्त निदेशक डॉ. जोचुआनौमी द्वारा राज्य टीबी फोरम की बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, टीबी के संदेह में छह महीनों में 61 हजार 246 लोगों की जांच की गई। इनमें 600 पुरुष और 445 महिलाएं शामिल थीं। वहीं 68 मरीज 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे थे।

## आईपीएफ ने दुबई में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया




**दुबई(एजेंसी)।** इंडियन पीपुल्स फोरम (आईपीएफ) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दुबई में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ राजनयिकों, समुदायिक नेताओं, सांस्कृतिक कलाकारों और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। वंदे मातरम के 150 वर्ष भारत की भावना, विरासत और राष्ट्रीय जागरण का उत्सव विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गीत की ऐतिहासिक भूमिका और एकता के महत्व को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूएई और भारत के राष्ट्रगान से हुआ।

कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाखों लोगों को एकजुट किया और यह गीत अमृतकाल के दौरान भारत की प्रगति को प्रेरित करता रहेगा।

मुख्य अतिथि और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि भारतीय प्रवासी देश के वैश्विक विकास वृत्तांत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरे हैं और उन्होंने वंदे मातरम की भावना को भारत के विकसित राष्ट्र के दृष्टिकोण से जोड़ा है।

संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल ने कहा कि वंदे मातरम ने भाषाई, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विभाजनों से परे लोगों को एकजुट किया और दुनिया भर में भारतीयों के बीच राष्ट्रीय गौरव को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 672 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक हुआ



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह के दौरान 963 मिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 672 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार यह वृद्धि मुख्य रूप से सोने के भंडार में वृद्धि होने से आई है। भारत में सोने का भंडार 4.1 बिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 107 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक हो गया।

वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार 3.07 बिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 541 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार दृ एसडीआर 52 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 18.64 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में देश की आरक्षित स्थिति 22 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर लगभग 4.8 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गई है।

# हरियाणा में नशे पर होगा प्रहार:
## अब गांव और शहर में बनेगी 'ज्वाइंट टास्क फोर्स'



**जीत समाचार हरियाणा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। की बैठक में उन्होंने राज्य में 'ज्वाइंट टास्क फोर्स' बनाने के निर्देश दिए हैं।

**मुख्य बातें:**

टास्क फोर्स का काम: यह फोर्स ग्रामीण और शहरी स्तर पर नशे की बिक्री रोकने और कारोबारियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाएगी।

नशा मुक्त युवाओं का भविष्य: जो लोग नशा छोड़ चुके हैं, उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोजगार के काबिल बनाया जाएगा। साथ ही, नशा मुक्ति केंद्रों को और बेहतर बनाया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा: प्रदेश के हर जिले में सीनियर सिटीजन क्लब खोले जाएंगे, जहाँ उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं मिलेंगी।

सरकारी योजनाओं का लाभ: पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक तेजी से पहुंचे, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके।




# स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम।



**जीत समाचार हरियाणा।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की अध्यक्षता में हुई स्पेशल हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में चिकित्सा व्यवस्था और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए 18 करोड़ से अधिक के खरीद प्रस्तावों एवं रेट कॉन्ट्रैक्ट्स को मंजूरी दी गई। इसके तहत जिला अस्पतालों में एलएमओ प्लांट, ऑडियोमीटर, पीपीपी मॉडल पर डायलिसिस सेवाएं, यूनानी दवाओं, आईओएल लेंस और थैलेसीमिया की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रदेशवासियों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## स्वच्छ परिवहन की ओर कदम: 'नया सफर' (परिवर्तन) योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं - उपायुक्त



**जीत समाचार हरियाणा।** जिले में प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने 'नया सफर' (परिवर्तन) योजना के कार्यान्वयन को लेकर संबंधित स्टेक होल्डर्स (हितधारकों) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के लाभों पर विस्तार से चर्चा की और ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन मालिकों से इसका भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया।

**क्या है 'नया सफर' (परिवर्तन) योजना का उद्देश्य?**

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर दौड़ रहे पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाकर आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना है।

पुराने वाहनों को अलविदा: इस योजना के तहत बीएस-4 मानक वाले पुराने ट्रकों और बसों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर उनके स्थान पर नए बीएस-6, सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन लाए जाएंगे।

प्रदूषण में कमी: यह पहल न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगी।

**योजना में मिलेंगी ये विशेष रियायतें**

डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने जानकारी दी कि सरकार इस योजना को अपनाने वाले वाहन मालिकों को वित्तीय राहत प्रदान कर रही है

टैक्स में पूर्ण छूट: नए बीएस-6 या इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर 100 प्रतिशत मोटर वाहन (डट) टैक्स में छूट दी जाएगी।

रजिस्ट्रेशन शुल्क माफी: वाहन मालिकों को नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान भी नहीं करना होगा।

**स्टेक होल्डर्स को निर्देश**

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक ट्रांसपोर्टर्स और वाहन मालिक इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि हम आधुनिक और हरित ऊर्जा संचालित परिवहन प्रणाली को अपनाएं।

बैठक में उपस्थित ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को योजना के आवेदन प्रक्रिया और दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी दी गई।

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com शनिवार, 27 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### सोशल मीडिया और 'फेक न्यूज'–

### सूचना के युग में विवेक की परीक्षा

सोशल मीडिया सूचना का सबसे तेज माध्यम है, लेकिन यही गति कभी–कभी विनाशकारी साबित होती है। आज 'फेक न्यूज' और 'इको चौंबर' (जहाँ हमें वही दिखता है जो हम देखना चाहते हैं) ने समाज में /रुवीकरण को बढ़ावा दिया है।

विश्लेषणः एल्गोरिदम हमें उन सूचनाओं की ओर धकेलते हैं जो हमारे पूर्वाग्रहों को पुष्ट करती हैं। इससे हम विपरीत विचारों को सुनना बंद कर देते हैं। बिना सोचे–समझे जानकारी साझा करने की आदत ने अफवाहों को जंगल की आग की तरह फैलाया है। किसी भी खबर की सत्यता जांचे बिना उसे आगे बढ़ाना एक सामाजिक अपराध की तरह बन गया है।

निष्कर्ष : हमें 'सूचना साक्षरता' विकसित करनी होगी। हर समाचार को एक बार 'फैक्ट–चेक' करना अनिवार्य है। इंटरनेट पर मिलने वाली हर जानकारी सच नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, हमारा कर्तव्य है कि हम सूचना के उपभोक्ता होने के साथ–साथ उसके प्रति सतर्क भी रहें।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 27 जून 2026, शनिवार

## आज का पंचांग

तिथि : द्वादशी 10:25 नक्षत्र : विशाखा 07:16
करण : बव 09:17 बालव : 10:25
पक्ष :शुक्ल योग : सिद्व 11:38
सूर्योदय : 05:24 सूर्यास्त :07:22
चन्द्रमा : तुला 12:34 राहुकाल : 10:39 – 12:23
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:55 – 12:51

## आज का राशिफल

### मेष राशि
आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तेल से मालिश करें। आर्थिक तौर पर सुधार तय है

### वृषभ राशि
जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फँसने से बचें– निवेश करने में काफी सावधानी बरतें

### मिथुन राशि
आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। माली सुधार की वजह से जरूरी खरीदारी करना आसान रहेगा। जरूरत के वक्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

### कर्क राशि
दोस्तों और परिवार के सदस्यों को आपकी जिन्दगी भले ही बेहतरीन नजर आए– लेकिन हाल में हुई किसी घटना के चलते आप अन्दर–ही–अन्दर खिन्न और उदास होंगे।

### सिंह राशि
बच्चे आपकी शाम को खुशी की चमक लाएंगे। थकाऊ और उबाऊ दिन को अलविदा कहने के लिए एक बढिया डिनर की योजना बनाएँ। उनका साथ आपके शरीर में फिर से ऊर्जा भर देगा। दीर्घावधि निवेश से बचिऐ

### कन्या राशि
व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की गलती न करें। अपनी जिंदगी और सेहत का सम्मान करें। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।

### तुला राशि
कानूनी मामलों की वजह से तनाव मुमकिन है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फँसने से बचें– निवेश करने में काफी सावधानी बरतें। जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है,

### वृश्चिक राशि
अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व–विकास के काम में लगाएँ, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा।

### धनु राशि
मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते वक्त आपको हिम्मत और मजबूती दिखाने की जरूरत है। सकारात्मक रवैये के माध्यम से आप आसानी से इन बाधाओं को पार कर सकते है

### मकर राशि
धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। अपने खर्चों पर काबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें। बच्चे आपके दिन को बहुत मुश्किल बना सकते हैं।

### कुम्भ राशि
पीने की आदत को अलविदा कहने के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। आपको समझना चाहिए कि शराब सेहत की सबसे बड़ी दुश्मन है और यह आपकी क्षमताओं पर भी कुठाराघात करती हैं

### मीन राशि
किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# पंजाब रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी में ‘डिग्री फेल, सेटिंग पास’

जीत समाचार **खुलासा** EXCLUSIVE

## BA की जगह स्टेनो बनो, अफसर खुद बना देंगे क्लर्क – दैनिक जीत समाचार ने खोली भ्रष्टाचार की पोल




### सबसे बड़ा सवाल

- क्या स्टेनो को क्लर्क का चार्ज देना नियमों के तहत है?
- ‘स्टाफ कम’ का बहाना कब तक चलेगा?
- जिन अफसरों ने हुक्मों को डस्टबिन में फेंका, उन पर कब होगी कार्रवाई?

## स्टाफ कम’ का बहाना बनाकर नियमों को डस्टबिन में फेंका, उच्च अधिकारी बोले – ‘पब्लिक डीलिंग भी स्टेनो ही संभालेगा’, मंत्रियों की सिफारिश से कार्रवाई पर लगा ब्रेक

### ‘BA पास’ की शर्त को किया फेल



नियम कहते हैं कि क्लर्क लगने के लिए BA पास होना जरूरी है। लेकिन RTO पंजाब के उच्च अधिकारियों ने इस डिग्री को ही ‘फेल’ कर दिया। यहां फॉर्मूला नया हैः “BA पास करने की जरूरत नहीं, स्टेनो बनो और क्लर्क का काम हम खुद दे देंगे।”

सब जानते हैं कि स्टेनो लगने के लिए कितनी पढ़ाई चाहिए – सिर्फ 12वीं + स्टेनो कोर्स। लेकिन रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के मेहरबान अफसरों ने स्टेनो को ही क्लर्क की कुर्सी पर बिठा दिया।

### अफसरों का ‘घिसा-पिटा’ बहाना



जब सवाल पूछो तो उच्च अधिकारियों के पास एक ही बहाना है – “दफ्तर में स्टाफ कम है।” कमाल देखिए, जो स्टेनो का असली काम है, डिक्टेशन-टाइपिंग, वो इनसे होता नहीं। मगर ‘पब्लिक डीलिंग’ का पूरा काम इन्हीं स्टेनो से करवाया जा रहा है। इससे साफ है कि RTO में तरक्की के लिए पढ़ाई नहीं, ‘अफसर के साथ सेटिंग’ जरूरी है। स्टेनो बनो, अफसर खुश तो प्रमोशन पक्की।

### ‘करंट चार्ज’ के हुक्म भी डस्टबिन में




सूत्रों की मानें तो उच्च अधिकारियों ने तो ‘करंट चार्ज’ के सरकारी हुक्मों को भी अनदेखा कर डस्टबिन में फेंक दिया है। नियम कहते हैं कि बिना योग्यता के किसी को चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन यहां सब चलता है।

### कार्रवाई क्यों नहीं? क्योंकि ‘ऊपर तक सिफारिश’ है




सबसे बड़ा सवाल – इन उच्च अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? जवाब दफ्तर में ही गूंजता है – “इनकी उप्पर तक मंत्रियों से सिफारिश होती है, इसलिए इन पर कोई हाथ नहीं डालता।”

### दैनिक जीत समाचार का खुलासा

सरकार कहती है ‘जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन’, लेकिन RTO पंजाब में ‘फुल टॉलरेंस ऑन सेटिंग’ चल रहीं है।




### अगला खुलासा जल्द




दैनिक जीत समाचार’ जल्द ही RTO पंजाब के और भेद खोलेगा। नाम, तारीख और फाइल नंबर के साथ बताएंगे कि किस स्टेनो को कब और किस अफसर की मेहरबानी से क्लर्क का चार्ज मिला।

**वर्जन**

RTO के उच्च अधिकारियों को फोन, व्हाट्सएप किया गया, लेकिन जवाब देना किसी ने जरूरी नहीं समझा।

**हम भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की आवाज हैं और रहेंगे।**

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# जहां से चलती है सफाई की मुहिम, वहीं गंदगी और जलभराव से लोग परेशान

## अपने ही दफ्तर नगर निगम जोन-सी के बाहर सफाई नहीं, शहर को स्वच्छ बनाने के दावे कैसे होंगे पूरे?





**लुधियाना, 26 जून (अरुण कुमार):** नगर निगम शहर को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है, लेकिन नगर निगम के जोन-सी कार्यालय के बाहर जलभराव और गंदगी की स्थिति ने सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जीत समाचार की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कार्यालय के बाहर सड़क पर पानी जमा मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से जलभराव रहने के कारण यहां मच्छरों की संख्या बढ़ रही है और आसपास दुर्गंध फैलने से आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कार्यालय के बाहर ही बदहाल स्थिति

- नगर निगम जोन-सी के जिस कार्यालय से क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की निगरानी की जाती है, उसके बाहर ही जलभराव और गंदगी दिखाई देना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।
- स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि ऐसी समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए तो क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर हो सकती है।

### स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगी

- क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बरसात के बाद सड़क पर पानी लंबे समय तक जमा रहता है, जिससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है।
- उनका कहना है कि नगर निगम को नियमित सफाई, जल निकासी और फॉगिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

### 'ऊपर के आदेश, नीचे लापरवाही'

यदि नगर निगम के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नगर निगम जोन-सी के अपने कार्यालय के बाहर यह स्थिति बनी हुई है, तो शहर के अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कितनी प्रभावी होगी, यह गंभीर चिंता का विषय है।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि कार्यालय के बाहर जमा पानी की तत्काल निकासी कराई जाए, नियमित सफाई अभियान चलाया जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए स्थायी समाधान किया जाए।

"लोगों का मानना है कि यदि नगर निगम अपने कार्यालयों के आसपास भी स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखे, तो शहरभर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

**संपादकीय टिप्पणी**

समाचार पत्र शहरहित से जुड़े मुद्दों को तथ्यों के आधार पर निर्भीकता से उठाता रहेगा। गंदगी मुक्त लुधियाना बनाने के लिए नगर निगम और जनता मिलकर काम करें।

**दैनिक जीत समाचार की अपील:** स्वच्छ शहर हमारी जिम्मेदारी है। गंदगी मुक्त लुधियाना बनाने के लिए नगर निगम और जनता मिलकर काम करें।

## रामपुर में भीषण सड़क हादसा

# 500 मीटर गहरी खाई में गिरी पिकअप, मां-बेटे समेत 6 लोगों की दर्दनाक मौत




**रामपुर (ब्यूरो):** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर उपमंडल से एक बेहद हृदयविदारक खबर सामने आई है। रामपुर के उपमंडल के तहत आने वाले तकलेच चौकी क्षेत्र के उप्रमण नामक स्थान पर गुरुवार को एक पिकअप वाहन (नंबर: HP06B-2420) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार सभी छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### राहत एवं बचाव कार्य

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक टीम और स्थानीय राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शवों को गहरी खाई से बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के सही कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### मृतकों की पहचान

- **अभिषेक सनी (23 वर्ष):** पुत्र नरसिंह सानी, गांव शरनाल, डाकघर काशापाट, तहसील रामपुर, जिला शिमला।
- **लायक राम (56 वर्ष):** पुत्र मागु राम, गांव पाठ, डाकघर काशापाट, तहसील रामपुर, जिला शिमला।
- **अशोक जेन (32 वर्ष - चालक):** पुत्र ध्यान जेन, गांव छलटा, डाकघर काशापाट, तहसील रामपुर, जिला शिमला।
- **नीतीन (23 वर्ष):** पुत्र मैन सिंह जेन, गांव छलटा, तहसील रामपुर, जिला शिमला।
- **आशा कुमारी:** पत्नी सत्य प्रकाश, गांव कुवाणु, डाकघर बिशलाधार, तहसील आनी, जिला कुल्लू।
- **युगल:** पुत्र सत्य प्रकाश, गांव कुवाणु, डाकघर बिशलाधार, तहसील आनी, जिला कुल्लू।

## खलीनी में अनियंत्रित होकर लुढ़की टाटा सूमो, चालक घायल

**शिमला:** राजधानी शिमला के खलीनी इलाके में भी एक सड़क हादसा पेश आया है, जहांह एक टाटा सूमो गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। इस हादसे में सूमो चालक को गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए और मुस्तैदी दिखाते हुए घायल चालक को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद उसे एम्बुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस हादसे के संदर्भ में भी जांच शुरू कर दी है कि गाड़ी तकनीकी खराबी के कारण पलटी या मानवीय भूल की वजह से।





**दैनिक जीत समाचार की अपील:**
पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम के मिजाज और रास्तों की संवेदनशीलता को देखते हुए वाहन चलाते समय गति पर नियंत्रण रखें और पूरी सावधानी बरतें।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# अयोध्या राम मंदिर में 'चंदा चोरी' पर मचा घमासान:
## आम आदमी पार्टी ने चंपत राय पर साधा निशाना, CBI-ED जांच की मांग

**अयोध्या में भगवान राम मंदिर के चंदा और चढ़ावा चोरी पर पार्टी को दी जीए कड़ी से कड़ी सजा – काली दास, प्रदेश प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी**

**जीत समाचार कांगड़ा (अभिषेक न्यूज एडिटर)।** अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर में हुए चंदे और चढ़ावे की चोरी ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने इस मामले को करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर आघात बताते हुए इसे 'चंदा चोरों का खेल' करार दिया है।

**बड़े चेहरों पर कार्रवाई की मांग**

प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने जारी प्रेस बयान में सीधा आरोप लगाया कि इस घोटाले में छोटे कर्मचारियों को ढाल बनाकर बड़े 'डकैतों' को बचाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट के मुखिया चंपत राय और उनकी पूरी टीम को अविलंब हिरासत में लेकर सी.बी.आई. और ई.डी. से कड़ी पूछताछ होनी चाहिए।

**काली दास ने गिनाए घोटालों के बिंदु**

चांदी की ईंटें गायब: श्रद्धालुओं द्वारा दान दी गई लगभग 200 किलो चांदी की ईंटों का कोई रिकॉर्ड नहीं है।




आभूषणों की चोरी: भगवान के चरण पादुका, पूजा के दीपक, गले का हार और बेशकीमती हीरे–जवाहरात गायब होना मंदिर प्रबंधन की बड़ी विफलता है।

जमीन घोटाला: ट्रस्ट द्वारा की गई जमीन खरीद में हुई धांधली के सबूत राज्यसभा सांसद संजय सिंह पहले ही पेश कर चुके हैं, जिस पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**राजनीतिक संरक्षण में पल रहे अपराधी**

काली दास ने तीखे लहजे में कहा कि जब मंदिर निर्माण के लिए चंदा मांगा गया था, तब करोड़ों लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई का हिस्सा दान दिया था। आज उसी श्रद्धा का कत्ल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे खेल में कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण की बू आ रही है, इसीलिए एस.आई.टी. जैसी खानापूर्ति वाली जांच की जा रही है।

**केजरीवाल का अयोध्या दौरा और न्याय की गुहार**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का अयोध्या पहुंचना इस बात का संकेत है कि पार्टी इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले जाएगी। वे वहां भगवान राम के चरणों में शीश नवाकर करोड़ों हिंदुओं के न्याय के लिए प्रार्थना करेंगे और यह मांग करेंगे कि राम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर वहां एक सरकारी प्रशासक नियुक्त किया जाए।

जो लोग भगवान के मंदिर में ही डकैती डाल रहे हैं, उन्हें भगवान कभी माफ नहीं करेंगे। सत्ता का अहंकार एक दिन जरूर टूटेगा।–काली दास, प्रदेश प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धर्मशाला में भव्य स्वागतय 27 जून को दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल का करेंगे दौरा

**जीत समाचार धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने कांगड़ा दौरे के क्रम में आज धर्मशाला पहुंचे। धर्मशाला आगमन पर स्थानीय प्रशासन और पार्टी नेताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया।

**धर्मशाला में हुआ गर्मजोशी से स्वागत**

मुख्यमंत्री के धर्मशाला पहुंचने पर एपीएमसी कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र जग्गी, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी अगवानी की। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला।

**27 जून को बड़ा भंगाल के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री**

अपने कांगड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल, 27 जून को जिला कांगड़ा के सबसे दुर्गम क्षेत्रों में से एक 'बड़ा भंगाल' का विशेष दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वे दुर्गम क्षेत्रों के विकास और वहां की समस्याओं को जानने के लिए स्वयं जमीनी स्तर पर जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि दुर्गम इलाकों में




मुख्यमंत्री का यह दौरा वहां के निवासियों की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाओं को गति देने में सहायक सिद्ध होगा।

# शुभकामनाएं



## मोनिका और लक्ष्य

को विवाह के बंधन में बंधने पर नए जीवन के सफर के लिए जीत समाचार परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं!

# धरवाला में ट्रक फंसने से 3 घंटे बंद रहा राष्ट्रीय राजमार्ग, वाहनों की लगी लंबी कतारें



**जीत समाचार चंबा(ब्यूरो)।** पठानकोट–भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह धरवाला के पास त्रिलोचन महादेव क्षेत्र में बिजली के पोलों से लदा एक ट्रक तंग मोड़ पर फंस गया, जिसके कारण राजमार्ग करीब तीन घंटे तक पूरी तरह बंद रहा।

जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 8 बजे ट्रक मोड़ पार करते समय फंस गया और उसका अगला हिस्सा ऊपर उठ गया। इसके चलते सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बसों सहित सैकड़ों वाहन मार्ग खुलने का इंतजार करते रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रक को हटाने का कार्य शुरू किया। करीब 11 बजे ट्रक को सुरक्षित किनारे किया गया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कई हिस्से जर्जर हालत में हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की जल्द मरम्मत करवाने की मांग की है।